# गर्मी के सीजन में पहली बार तापमान पहुंचा 45 के पार

## देर शाम तक चलती रही गर्म हवाएं, सड़कों में दोपहर सन्नाटा, खूब तप रहा नौतपा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, इस समय आसमान से मानो आग बरस रही है, तेज धूप और तापमान के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है. लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है, नौतपा खूब तप रहा है. इस गर्मी के सीजन में पहली बार तापमान 45.4 डिग्री पर पहुंच गया. इसके पहले 45 डिग्री तक तापमान गया था.**

उम्मीद है कि नौतपा के विदा होने के पहले 47 डिग्री तक तापमान पहुंच सकता है. दिन भर 12 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलती रही. लू और धूप से बचने के लिये लोग घरो में दुबके रहे, दोपहर सड़को पर सन्नाटा रहा. जहा भीड़ होती थी वहा केवल कुछ वाहन दिखाई दे रहे थे और शाम ढ़लने के बाद बाजार में आवाजाही शुरू हुई. इस समय सुबह 7 बजे से ही तेज धूप शुरू हो जाती है. नौतपा के तीसरे दिन जहा तापमन 45 डिग्री पहुंच गया था वही गर्म हवाएं रात 8 बजे तक चलती रही, जिसके कारण राहत नही मिली. लगातार गर्मी अपना असर दिखा रही है तापमान कम होने का नाम नही ले रहा है, लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है. आने वाले एक-दो दिन के अंदर 47 डिग्री तक तापमान पहुंचने की संभावना है. नौतपा की इस गर्मी में एसी-कूलर तक काम नही कर रहे है. पशु-पक्षी तक भीषण गर्मी से बेहाल है.



अस्पताल में वार्ड मरीजो से भरते जा रहे है लगातार मरीजो की संख्या बढ़ती जा रही है. लू लगने, मलेरिया, पीलिया आदि के मरीज पहुंच रहे है. फिलहाल गर्मी से राहत नही है. इस बार अप्रैल से ही भीषण गर्मी शुरू हो गई थी. 44 डिग्री तक तापमान अप्रैल में ही पहुंच गया था. पिछले कई दिन से 43 और 44 के बीच तापमान था लेकिन बुधवार को 45 के ऊपर पहुंचा.

### लू से बचें और पर्याप्त पानी का सेवन करें

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है. आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले. दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें. लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं. बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें. पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें. लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें. बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ और कच्चे आम का पना के उपयोग से भी लू से बचाव होता है. अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें. शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए हर आधे घंटे बाद कम से कम आधा गिलास पानी अवश्य पिएं.



# सिलेंडर से गैस पाइप निकलने के बाद भड़की आग, चार झुलसे

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पैपखरा गांव में शुक्ला परिवार के घर पर बीती रात गैस सिलेंडर में आग भड़कने से बड़ा हादसा हो गया. इस दर्दनाक घटना में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं. घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया.**

जानकारी के अनुसार घर में अचानक गैस सिलेंडर में आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया. आग की चपेट में आने से यशोदा नंद शुक्ला, इन्द्रकली शुक्ला, अंशुमान और दिव्यांश बुरी तरह झुलस गए. स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए तत्काल बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. घटना की सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया. पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है. दरअसल घर के आंगन में चूल्हे पर खाना बन रहा था जबकि सिलेंडर घर के अंदर रखा था.

इस दौरान बछड़े ने धक्का मार दिया जिससे सिलेंडर की पाइप खुल गई और गैस रिसने लगी. इसके बाद आग भड़क उठी. आग इतनी भीषण थी कि पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया. आसपास के लोगो ने पहुंचकर आग पर काबू पाया. अगर समय पर मोहल्ले के लोग न पहुंचते भारी नुकसान होता. आग से झुलसे सभी लोगो को संजय गांधी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है.

## संक्षिप्त

### नि :शुल्क आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा

**रीवा.** म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत हितग्राहियों के आश्रितों के लिए संचालित श्रमोदय मॉडल आईटीआई मुगालिया छाप, नीलबड़, भोपाल में सत्र 2026-27 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. संस्थान में विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण (हॉस्टल सुविधा सहित) प्रदान किया जायेगा. संस्थान में विभिन्न तकनीकी एवं रोजगारपरक ट्रेडों में एक वर्षीय ट्रेडों में वेल्डर, आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट सिटी) फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी तथा इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन का प्रशिक्षण दिया जायेगा. दो वर्षीय ट्रेडों में इलेक्ट्रीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट, टेक्नीशियन मेकाट्रानिक्स तथा एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन संचालित किए जा रहे हैं. श्रमपदाधिकारी ने बताया कि प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है.

### नरवाई न जलाएं बल्कि इससे जैविक खाद बनाएं

**रीवा.** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है. वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है. इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है. मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है. इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं. नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है. नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा. नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है. इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं. इसके आलावा खेत में रोटावेटर अथवा डिस्क हैरो चलाकर भी फसल के बचे हुए भाग को मिट्टी में मिला देने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है. उप संचालक ने बताया कि गेंहू की फसल के बाद नरवाई को खाद में बदलने तथा बिना जुताई किए फसलों की बुआई के लिए सुपर सीडर तथा हैप्पी सीडर का उपयोग बहुत लाभकारी है. इससे नरवाई नष्ट होने के साथ जुताई और बुवाई का खर्च और समय दोनों बचेगा. साथ ही नरवाई से खाद भी बन जाएगी.

### सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा

**रीवा.** सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने के लिए तत्परता से उपचार मिलना आवश्यक है. इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ित को डेढ़ लाख रुपए तक की उपचार सहायता नि:शुल्क दी जाती है. यह केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की एक महत्वाकांक्षी योजना है. इसे फरवरी 2026 में पूरे देश में लागू किया गया है. इस योजना से सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को अस्पताल में इलाज के लिए तुरंत पैसे देने की जरूरत नहीं होती. पीड़ित व्यक्ति को डेढ़ लाख तक का कैशलेस इलाज अधिकतम  दिनों के लिए मुफ्त मिलता है. यह सभी प्रकार की सड़कों नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे या जिला सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं पर लागू है. योजना के क्रियान्वयन की मानीटरिंग कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाती है. ई डॉर पोर्टल के माध्यम से भी इसकी सतत निगरानी की जा रही है.

### गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने उपयोगी है रोटावेटर

**रीवा.** ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है. खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है. अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है. ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है. रोटावेटर से किसान अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुसार जुताई की गहराई का निर्धारण कर सकते हैं. इसके उपयोग से नरवाई तथा अन्य खरपतवार छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटकर मिट्टी में मिल जाते हैं. बारिश के बाद इनसे मिट्टी के लिए बहुत उपयोगी हरी खाद तैयार होती है जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है.

### महर्षि बाल्मीकि प्रोत्साहन योजना

**रीवा.** अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं पास विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश लेने पर महर्षि बाल्मीकि प्रोत्साहन योजना से राशि दी जाती है. विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं से देश के बड़े शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने पर इसका लाभ मिलता है. अनुसूचित जाति के मध्यप्रदेश के मूल निवासी परिवारों के विद्यार्थी इसके लिए पात्र हैं. योजना का लाभ लेने के लिए परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए. आईआईटी, एम्स, एमबीबीएस, बीडीएस में प्रवेश लेने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है. नेशनल डिफेंस एकेडमी की प्रवेश परीक्षा में सफल होकर प्रशिक्षण में शामिल होने पर 50 हजार रुपए तथा क्लैट के माध्यम से एनएलआईयू में प्रवेश लेने पर भी 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है. जेईई के माध्यम से एनआईटी में प्रवेश लेने पर 25 हजार रुपए की राशि दी जाती है.

# भ्रूण लिंग जांच की सूचना देने वाले को मिलेंगे दो लाख रुपए

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, गर्भस्थ शिशु के लिंग निर्धारण परीक्षण पर पूरी तरह से प्रतिबंध है. शिशु का लिंग निर्धारण परीक्षण करना दण्डनीय अपराध है.**

भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वाले को दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि मुखबिर पुरस्कार योजना के तहत दी जाएगी. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वालों का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा. उसकी सूचना के आधार पर प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में चालान प्रस्तुत होते ही एक लाख 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी. इसमें 50 हजार रुपए की राशि सूचना देने वाले को, 25 हजार रुपए की राशि पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के जिला नोडल अधिकारी को तथा 50 हजार रुपए की राशि अभियोजन अधिकारी को दी जाएगी.

न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर 75 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. इसमें सूचना देने वाले को 30 हजार रुपए, नोडल अधिकारी को 15 हजार रुपए तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपए की राशि दी जाएगी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मुखबिर प्रोत्साहन योजना के तहत स्टिंग ऑपरेशन करने पर स्टिंग के सफल होने तथा सत्यापन के बाद मुखबिर को 50 हजार रुपए, सहयोगी महिला को 20 हजार रुपए तथा अन्य सहयोगी को 10 हजार रुपए दिए जाएंगे.

# नहर में पानी छोड़ने को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, नहर में पानी की समस्या से परेशान रीवा जिले के सिरमौर विधानसभा में किसानों का आक्रोश फूट पड़ा. किसान संगठन ने सड़क पर उतरकर ना सिर्फ विरोध प्रदर्शन किया बल्कि रीवा सिरमौर मार्ग में चक्काजाम कर दिया. किसानों का कहना था कि उनके ग्राम पंचायत की नहर में एक वर्ष से पानी नहीं छोड़े जाने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

नहर मे पानी ना होने से क्षेत्र के कुछ किसान फसल तक नहीं लगा पा रहे है और जो फसल लगाई जाती है वह सूख जाती है. किसानों की मांने तो 3 साल से उनका गांव सूखा ग्रस्त है जिसके चलते पशु पालन एवं पेयजल तक की समस्या निर्मित हो चुकी है. हालांकि किसानों के द्वारा बार बार मौखिक और लिखित शिकायत व निवेदन करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका, जिसके चलते आज वह चक्काजाम करने को मजबूर है. दरअसल यह विरोध प्रदर्शन सिरमौर विधानसभा के ग्राम पंचायत दुलहरा में किसान संगठन जल उपभोक्ता संस्था के द्वारा किया गया है. बताया गया कि संगठन के लोग जब सड़क को जामकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तभी वाहन सवारों का प्रदर्शनकारियों का विवाद हो गया. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वाहन सवारों ने उन्हें वाहन से कुचलने का प्रयास किया है. हालाकि यह विवाद कुछ ही देर में शांत हो गया और प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे. प्रदर्शनकारीयों की प्रमुख मांगे थी कि क्योटी कैनाल का पुन: सर्वे कराकर लेवलीकरण कराया जाए.

नहर के टेल राजगढ़ दुलहरा मेन नहर की सफाई की जाए. क्योटी कैनाल राजगढ़ दुलहरा को पूर्व की तरह मुख्य नहर में बदला जाय और माइनर नहरों में सायफन की व्यवस्था की जाए. फिलहाल इस प्रदर्शनके दौरान बाणसागर परियोजना की एसडीओ हेमा सिंह सहित सिरमौर थाना प्रभारी दीपक तिवारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया.



कांग्रेस के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी

# बाइक को टक्कर मारने के बाद घर में घुसी कार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कठना में सड़क हादसा हो गया. इस सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार किशोर को टक्कर मारते हुए एक घर में जा टकराई है.**

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कठना में बीती शाम बाइक सवार आकाश रजक और अभिषेक रजक घर की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और तेज गति से सड़क किनारे बने एक घर में जाग घुसी. कार चालक बाइक को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया जबकि दोनों किशोर टक्कर लगते ही बाइक से दूर उछलकर गिर गए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है हालांकि मकान और घर के अंदर रहे लोगों छती नहीं हुई है.

# जब हमारा संगठन मजबूत होगा तभी भाजपा बेदखल होगी : चौधरी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, कांग्रेस के चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण में कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पहुंचे.**

जहा देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए श्री चौधरी ने नेहरू जी के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर उनके प्रधानमंत्रित्व काल तक की विभिन्न उपलाब्धियों का जिक्र करते हुए उन्हें भारत का शिल्पकार निरूपित किया. श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता पूरे नेहरू परिवार की आएदिन आलोचना करते हैं और उनके ऊपर अनेको मनगढ़ंत आरोप लगाकर अपने को महिमा मण्डित करते हैं.

प्रशिक्षणार्थियो को ब्लॉक, नगर, मण्डल केसंरचना का पूरा श्रेय राहुल गांधी जी को दिया और कहा कि उनकी सोच को साकार करने के लिए हमे इन इकाईयों को मजबूत करना होगा. देश प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी को तभी बेदखल किया जा सकता है जब हमारा संगठन बूथ, पंचायत और मण्डलम, ब्लॉक स्तर तक मजबूत होगा. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक-एक प्रशिक्षार्थियों से परिचय प्राप्त कर संवाद करते हुए पार्टी को विजय न मिलने पर सवाल किया.

संवाद उपरांत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा दिये गये जवाब का उत्तर देते हुए श्री पटवारी ने कहा कि जब तक बूथ स्तर तक संगठन मजबूत नही होगा 2028 का विधानसभा तथा 2029 का लोकसभा चुनाव जीत पाना कठिन होगा. इस लिये कमेटियां बनाकर संगठन को मजबूत करना होगा. इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी, जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा सहित अधिकारीगण मौजूद रहे.

# नामांतरण और सीमांकन के प्रकरण समय सीमा में निराकृत कराएं : जैन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की. मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स सुशासन पर ध्यान दें. आमजनता के कल्याण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें.**



सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराएं. कोई भी शिकायत 50 दिन से अधिक समय तक लंबित न रहे. नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के सभी प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत कराएं. इन प्रकरणों में समय सीमा में कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें. बारिश शुरू होने से पहले बाढ़ राहत तथा आपदा प्रबंधन की समीक्षा कर लें. अतिवृष्टि की स्थिति में राहत शिविर बनाने तथा बाढ़ से राहत और बचाव के सभी प्रबंध कर लें. किसी भी स्थिति में जन-धन की हानि न्यूनतम रखने का प्रयास करें. बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने एनकोर समिति की बैठकों, आपदा प्रबंधन, त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाएं रोकने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए. कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा संभागीय अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए.

# अमवा गांव में आग लगने से मकान और गृहस्थी का सामान जलकर खाक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, रीवा जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अमवा में उग्रसेन त्रिपाठी के घर में मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे भीषण आग लग गई. आग कैसे लगी इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है.**

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवाओ के चलते आग की लपटे तेजी से फैली और मकान सहित गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया. आगजनी की इस घटना को लेकर बताया गया कि खेतों में कटी पड़ी नरवाई मे बिजली के शर्ट शर्किट से निकली चिंगारी से आग भड़की और घर तक पहुंच गई. दोपहर के वक्त घर के सभी सदस्य दूसरे पक्के मकान में थे. जिससे कोई जनहानी नहीं हुई जबकि कच्चा घर सहित उसके अंदर रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया है. वही ग्रामीणों में इस बात को लेकर आक्रोश था कि सूचना के बाद फायर ब्रिगेड देर से पहुंची और वह भी पानी खत्म हो जाने का चलती बनी.



# आपत्तिजनक वीडियो मामले में बघेली कलाकार गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 मई, रीवा सहित विंध्य क्षेत्र के बहुचर्चित बघेली कलाकार और यू-ट्यूबर मनीष पटेल ने सरेंडर कर दिया. जिसे सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया.**

बघेली कलाकार पर आरोप था कि उनके द्वारा एक गलत कंटेंट तैयार कर सोशल मीडिया में वायरल किया गया जिसमें ब्राम्हण समाज की बेटियों को गलत ठहराया गया था. फिलहाल उक्त कंटेट के वायरल होने के बाद ब्राम्हण समाज ने ना सिर्फ आपत्ति दर्ज कराते हुये शिकायत दर्ज कराई थी, बल्कि कड़ी कार्यवाही की भी मांग की थी. पुलिस ने इस मामले में मनीष पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसे लेकर मनीष अग्रिम जमानत के लिये हाईकोर्ट तक की  शरण में गए, लेकिन वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली और आखिरकार उन्हे सरेंडर करना पड़ा. बता दें कि विवादित कंटेट को लेकर मनीष पटेल पर ब्राम्हण समाज का आरोप था कि उनके द्वारा सोशल मीडिया का दुरूपयोग कर सामाजिक सौहाद्र को बिगाडने और वर्ग विशेष की महिलाओं के सम्मान में ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया है. यह विवादित कंटेट मनीष पटेल के द्वारा अपने सोशल मीडिया आकाउंट से हटा दिया गया था, और सार्वजनिक तौर पर माफी भी मांगी गयी थी. कई बार गिरफ्तारी को लेकर समाज के लोगो ने ज्ञापन भी सौपा था. लेकिन पुलिस गिरफ्तार नही कर पाई थी. लगातार विरोध बढ़ रहा था.